(b) what happened to the representation and recommendations in this regard; and

(c) if any action is taken by when the remaining applicants will get their pensions?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) to (c) All applications for grant of freedom fighters' pension received from persons in Tamil Nadu upto 31st July 1993 have been considered at least once and freedom fighters' pension has been granted to 4055 persons (excluding -Ex-INA cases). Representations or review petitions against rejections are decided on merits and this is a continuous process.

मतदाता सूचियों में चकमा शरणार्थियों के नाम दर्ज होना

3995. **श्री राम गोपाल यादव**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुछ चकमा शरणार्थियों ने भारत में मतदाता सूचियों में अपने नाम दर्ज करवा लिए हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या उनके नाम इस संबंध में निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार दर्ज किए गए हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. एम. सईद): (क) और (ख) मतदाता सूचियों को बनाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में राज्य सरकारों के पास अनुदेश/निर्देश उपलब्ध हैं। कुछ ऐसे विशिष्ट निर्देश भी है जिनमें विदेशी राष्ट्रिकों की अत्याधिक उपस्थिति वाले क्षेत्रों के लिए विशेष गणना प्रक्रिया बताई गई है। इन अनुदेशों का सभी संबंधित प्राधिकारियों द्वारा ईमानदारी से पालन किया जाता है। इस समय चकमा शरणार्थियों की समस्या त्रिपुरा राज्य में सर्वाधिक है। त्रिपुरा राज्य सरकार ने सूचना दी है कि राज्य में मतदाता सूचियों में किसी भी चकमा शरणार्थी का नाम दर्ज नहीं किया गया है।

अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय अपराधों की जांच करने के लिए अलग निकाय

3996. **श्री ईश दत्त यादव**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय अपराधों की जांच करने के लिए एक अलग निकाय गठित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. एम. सईद): (क) जी नहीं, श्रीमान।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) इस प्रकार के निकाय के सृजन का कोई विशेष लाभ नहीं होगा क्योंकि इससे भी वही समस्यायें और कठिनाइयां होंगी जो वर्तमान व्यवस्था में हो रही हैं।

Freedom Fighters of Goa, Daman and Diu

3997. SHRI SOM PAL:
SHRI BRAHMADEO ANAND PASWAN:
DR. BAPU KALDATE:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to an article captioned 'Government ignores Daman freedom fighters a woeful tale unfolded' published in the Independent News Magazine of December 16—31, 1991;

(b) if so, what is the reaction of Government thereto?

(c) what is being done to give pension to the freedom fighters of Goa, Daman and Diu; and

(d) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) and (b) The Government would obtain a copy of the article captioned 'Government ignores Daman freedom fighters a woeful tale unfolded' published in the Independent News Magazine of Decemoer 16—31, 1991 and consider the same.

(c) and (d) Claims of freedom fighters from Goa, Daman and Diu are already being considered for grant of freedom fighters' pension on their fulfilling the eligibility criteria prescribed under the Swatantrata Sainik Samman Pension Scheme, 1980.

दिल्ली में बिक्री कर के संग्रहण में अनियमितताएं

3998. **श्री शारदा मुखर्जी**:
श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान:
डा. बापू कालदाते:
श्री सोमपाल:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 1 जून, 1993 के राष्ट्रीय सहारा (दिल्ली संस्करण) में "लिप्टन कंपनी ने बिक्री कर के नाम पर 17 करोड़ अधिक वसूले" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो यह कर अपवंचन कब किया गया और इसकी जानकारी सरकार के ध्यान में कब आई;